कुंडीपुरा पुलिस की कार्रवाई: आरोपियों के विरुद्ध धारा 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम तथा धारा 4, 6, 9 गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज किया प्रकरण

# 53 जीवित एवं छह मृत गौवंश सहित दो तस्करों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

थाना कुंडीपुरा अंतर्गत धर्म टेकड़ी चौकी पुलिस ने गुरुवार को गोवंश तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया। थाना प्रभारी महेंद्र भगत ने बताया कि 12 दिसम्बर 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि छिंदवाड़ा–नरसिंहपुर रोड स्थित दिल्ली दरबार के पास ग्राम नेर–जम्मूनिया इलाके में अवैध रूप से गोवंश परिवहन किया जा रहा है।

सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने संदिग्ध ट्रक क्रमांक RJ 09 GD 9856 को रोककर चेक किया। तलाशी में वाहन में क्रूरता पूर्वक भरे हुए 53 जीवित तथा 6 मृत गोवंश मिले, जिन्हें अवैध रूप से कत्लखाने ले जाया जा रहा था। मौके से ट्रक चालक तोहिद पिता सलाम ख़ाँ एवं साथी मजीद पिता रसीद अली, दोनों निवासी सारंगपुर, को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से ट्रक सहित समस्त गोवंश को जप्त कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम तथा धारा 4, 6, 9 गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। सभी जीवित गोवंश को सुरक्षित रूप से स्थानीय गौशाला में सुपुर्द कराया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।







## पशु तस्करों पर नहीं लगाम, खुलेआम हो रही बैलों की तस्करी: गजभिए

**सौसर:** युवा अनुसूचित जाति विभाग पांढुर्णा जिला अध्यक्ष गुलशन गजभिए द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बतलाया गया कि ग्राम बिछुआ – खमारपानी की ओर से ग्राम सवरनी होते हुए बैलों की तस्करी निरंतर बेखौफ जारी है। गुलशन गजभिए ने डायल 112 पर शिकायत दर्ज कर पुलिस की सहायता से आधा दर्जन से अधिक बैलों को तस्करों से बचाकर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली स्थित बजरंग गौशाला में सुरक्षित तरीके से पहुंचाया गया हैं,पशु तस्कर मौके से ही फरार हो गए। यह पशु तस्कर पहले खमारपानी–बिछुआ से पिकअप वाहन में बैलों को लेकर आते हैं और महाराष्ट्र की सीमा के पहले महाराष्ट्र नंबर के वाहनों में भरकर नागपुर की ओर ले जाते है। इसके पूर्व में भी बैलों को बैलगाड़ी के पीछे बांधकर नागपुर की और ले जाने का मामला सामने आया था पशु तस्कर नए-नए तरीकों से बैलों को कटाई करने ले जा रहे हैं। बैलों की तस्करी जो कि दंडनीय अपराध है, पुलिस प्रशासन के द्वारा जब तक दोषियों पर कड़ी कार्यवाई नही की जाती यह निरंतर जारी रहेगा। गुलशन गजभिए ने पुलिस प्रशासन से उचित कार्यवाई और सवरनी क्षेत्र में पुलिस गस्त बढ़ाए जाने हेतु विनम्र अनुरोध किया है।



## आलमारी-कूलर सुधारने के बहाने चोरी को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने 5,50,000/- के माल सहित अनुपपुर, बालाघाट से किये आरोपियों को दबोचा



**छिंदवाड़ा।** कोतवाली पुलिस ने आलमारी और कूलर के बहाने चोरी को अंजाम देने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना का संक्षिप्त विवरण दिनाँक 22.04.2025 को प्रार्थी अरविंद पिता सुरेश सरियाम निवासी इमलीखेडा थाना कोतवाली ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 21/04/2015 को वह दिन के समय घर पर ताला लगाकर पत्नी को पेपर दिलवाने के लिये गया था जब घर वापस आया तो देखा कि घर का ताला टूटा पा घर के अन्दर सखी आलमारी के लॉक भी टूटे ये थे। आलमारी में रखे सोना चांदी के जेवर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गये थे। प्रार्थों की रिपोर्ट पर अपराध क. 228/2025 305(7) 331(1) **BNS** पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। एसपी अजय पांडे के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा एवं थाना प्रभारी कोतवाली श्री धुर्वे के नेतृत्व में दिन में हुई चोरी की घटना के आरोपी की धरपकड हेतु कोतवाली पुलिस ने एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर अपराध के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये गये थे। पुलिस टीम के द्वारा लगातार घटना स्थल के आस पास लगे सी.सी.टी की फुटेज देखे गये जो तीन संदेहियों की फुटेज कैमरे में आने पर पुलिस के सामने यह चुनौती थी की वह संदेही कौन है उनका नाम क्या है पुलिस टीम के द्वारा लगातार संदेहियों की फुटेज शाट्सअप ग्रुपों में प्रसारित की गई जो एक संदेही की पहचान शिवा नेताम निवासी शहडोल के रूप में हुई। पुलिस टीम के द्वारा शहडोल में जाकर जब पता किया गया तो जानकारी लगी की शिवा नेताम के विरूध चोरी के कई प्रकरण पंजीबद्ध है और शिवा नेताम सभी जिला केत सुरज्जापुर छत्तीसगढ़ में बंद है, पुलिस टीम के द्वारा सुरजपुर में जाकर शिवा से मनोवैज्ञानिक ढंग से पुछताछ करने पर शिवा के द्वारा अपने अन्य साक्षी सगे चाचा रमेश नेताम निवासी होत एवं शंकर धुर्वे निवासी बालाघाट के साथ मिलकर अप्रैल माह में आलमारी, कूलर सुधारने के बहाने इमलीखेडा बस्ती में घूमते घुमते दिन के समय एक मकान से सोना चांदी के जेवर बरामद करना करना स्वीकार किया। पुलिस टीम के द्वारा शहडोल पहुंच लगातार कई कई स्थानों पर दबिश दी गई। तब जाकर रमेश पिता फूलचंद नेताम जिला शहडोल को पुलिस टीम के द्वारा उसके एक दोस्त के घर से पकडा जिससे बारिकी से पुछताछ करने पर उसने अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस टीम के द्वारा बालाघाट पहुंच आरोपी शंकर पिता रामप्रसाद धुर्वे निकासी परसवाडा बालाघाट को उसके घर से पकड़कर पुलिस टीम के द्वारा दोनों आरोपीयों से सोना चांदी के जेवरात जप्त कर दोनों आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी शिवा नेताम का न्यायालय से प्रोडक्शन करेन्ट जारी कराया गया है जिसके आने पर उससे भी माल बरामद किया जाएगा।



## प्रभारी मंत्री ने किया साप्ताहिक जैविक, प्राकृतिक हाट बाजार का शुभारंभ

हाट बाजार का अवलोकन कर स्वयं जैविक व प्राकृतिक उत्पाद खरीदे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा आम नागरिकों को शुद्ध, विषरहित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साप्ताहिक जैविक / प्राकृतिक हाट बाजार प्रारंभ किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज छिंदवाड़ा जिले में गुरैया सब्जी मंडी परिसर में साप्ताहिक जैविक / प्राकृतिक हाट बाजार का शुभारंभ प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह द्वारा किया गया।शुभारंभ अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने हाट बाजार में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से सीधे संवाद किया।

प्रभारी मंत्री की प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों के प्रति विशेष रुचि इस बात से स्पष्ट हुई कि उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर स्वयं प्राकृतिक खेती से उत्पादित सेमी, पपीता, जैविक गुड़, चना, घुइयां के पत्ते, कुटकी, देशी लौकी सहित अनेक उत्पाद खरीदे। इसके साथ ही उन्होंने अपने मोबाइल फोन से यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान कर खरीदे गए उत्पाद का भुगतान भी किया। इस अवसर पर अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह, महापौर नगर निगम छिंदवाड़ा श्री विक्रम अहके, श्री शेषराव यादव,भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दिनेश अंगारिया , विजय पांडे, टीकाराम चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थेउप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साप्ताहिक जैविक / प्राकृतिक हाट बाजार का मुख्य उद्देश्य जिलेवासियों को एक निर्धारित स्थान एवं निश्चित दिन पर शुद्ध, विषरहित अनाज, दालें, मिलेट्स (श्रीअन्न), विभिन्न प्रकार की सब्जियां, फल, जैविक वनउपज, कच्ची घानी का शुद्ध तेल, शहद, जैविक गुड़ सहित अनेक जैविक उत्पाद सहज रूप से उपलब्ध कराना है।

## वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट शेख अल्फाज के निधन पर सांसद ने जताया दु:ख

**छिन्दवाड़ा।** वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट शेख अल्फाज के निधन पर सांसद बंटी विवेक साहू ने दु:ख व्यक्त किया है। शेख अल्फाज के निधन पर सांसद श्री साहू ने अपने शोक संदेश में कहा है कि वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट शेख अल्फाज मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनका जाना फोटो पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। वे कैंसर की बीमारी से संघर्ष कर रहे थे, लेकिन उन्होंने और उनके परिवार ने अंतिम समय तक हार नही मानी। श्री शेख अल्फाज ने लगभग तीस सालों से अधिक समय तक फोटो पत्रकारिता को अपना जीवन समर्पित किया। सांसद श्री साहू ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे स्वर्गीय शेख अल्फाज को अपने श्री चरणों में स्थान दे और इस दु:ख की घड़ी को सहन करने की परिजनों को शक्ति दे।

## फोटोग्राफर अल्फ़ाज़ के निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने जताया शोक

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर शेख अल्फ़ाज़ के दु:खद निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

अयोध्या धाम की पावन धरती पर श्रीरामलीला मंडल छिंदवाड़ा का तीन दिवसीय भव्य मंचन प्रारंभ

# सांसद ने निभाया राजा जनक का किरदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



वर्ष 1889 लगातार छिंदवाड़ा में भगवान श्री राम जी की लीलाओं का मंचन कर रही छिंदवाड़ा के श्री रामलीला मंडल ने एक समय यह संकल्प लिया था कि जब भगवान श्री राम जी का मंदिर अयोध्या में बन जाएगा तब अयोध्या में जाकर रामलीला का मंचन करेंगे।

सभी के साझा प्रयासों, मजबूत इच्छाशक्ति एवं दृढ़ संकल्प से शनिवार को तीन दिवसीय श्रीराम लीला का मंचन अयोध्या में प्रारंभ हुआ। श्रीराम लीला मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या धाम स्थित राम की पेड़ी के पावन तट पर श्री रामलीला मंडल छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ। प्रथम दिवस रामकथा के प्रारंभिक एवं महत्वपूर्ण प्रसंगों के सजीव मंचन के साथ सम्पन्न हुआ, जिसे देखकर देशभर से आए श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। प्रथम दृश्य में भगवान शंकर द्वारा माता पार्वती को श्रीरामकथा सुनाने का भावपूर्ण मंचन प्रस्तुत किया गया। श्री मुख्य निर्देशक वीरेंद्र शुक्ल ने बताया कि समस्त देवगणों का भगवान विष्णु के समक्ष उपस्थित होकर पृथ्वी पर अवतार लेने की प्रार्थना का दृश्य मंचित हुआ, जिसने कथा की आध्यात्मिक पृष्ठभूमि को सुदृढ़ किया। अगले दृश्य में ऋषि शृंगी द्वारा राजा दशरथ के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ सम्पन्न कराने का प्रभावशाली मंचन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ विधि ने राम की पेड़ी क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया।

इसके पश्चात दशरथ दरबार में महर्षि विश्वामित्र के आगमन तथा राम-लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। इस दृश्य में दोनों राजकुमारों के शौर्य, मर्यादा और आज्ञापालन का सुंदर चित्रण देखने को मिला। प्रथम दिवस का प्रमुख आकर्षण सीता स्वयंवर का भव्य मंचन रहा। माता सीता के पिता की भूमिका में छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू ने सभी दर्शकों को प्रभावित किया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी बार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर बार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा बार्ड न.14, 761. बासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा बार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई बार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- बार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 बार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## निर्माण कार्य में कैसे किया गया भ्रष्टाचार

# सड़क निर्माण कंपनी की सामने आई लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



133 करोड़ के जुन्नारदेव तामिया सड़क ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में शनिवार के दिन बड़ी लापरवाही देखने को मिली. निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही व भ्रष्टाचार का नमूना तब देखने को मिला जब जुन्नारदेव के तामिया रोड स्थित मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कार्यालय के सामने से बावली मंदिर तरफ प्रवेश करने वाले नाली के ऊपर से नगर पालिका के द्वारा बनाई जा रही नवीन सीसी रोड के लिए फ्यूरी मशीन को ले जाया जा रहा था. इस दौरान खाली फ्यूरी मशीन नाली के ऊपर रखे गए ड्रेन से फ्यूरी वाहन पार करते समय ड्रेन टूट कर नाली के अंदर ही गिर गया।जिसके कारण खाली फ्यूरी मशीन घंटो गड्ढे में फंसी रही. निर्माण कार्य की गुणवत्ता का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि खाली फ्यूरी मशीन का वेट भी नाली के ऊपर रखे ड्रेन कबर संभाल नहीं पाए. पहले ही शहर वासियों के साथ ओवर ब्रिज के नाम पर हुए छैलावे के बाद अब एक बार फिर यह बड़ी लापरवाही निर्माण कंपनी की देखने को मिली जिस पर बोलने वाला कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद नहीं है. सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा एचडीएफसी बैंक से लेकर तामिया चिकलमहू चौराहे तक नाली के ऊपर ऐसे कई ड्रेन कबर बिछाए गए हैं।

जिनकी गुणवत्ता पूर्व में ही पत्रकारों के द्वारा शहर वासियों के सामने लाया जा चुका है.इसके पश्चात भी जि म्मे दा र एमपीआरडीसी के अधिकारी ऐसे हुए घटिया निर्माण कार्य के लिए संबंधित ठेकेदार पर कोई भी कार्रवाई नहीं कर रही है.लगभग 1 किलोमीटर के दायरे में नाली के ऊपर ऐसे कई घटिया व निम्न स्तर के ड्रेन कबर ठेकेदार के द्वारा बनाकर रख दिए गए हैं जो भविष्य में निश्चित ही टूटेंगे. ज्ञात हो की यह निर्माण कार्य तामिया इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड , आर के जैन इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है.

## बैडमिंटन, फुटबॉल, कबड्डी, शतरंज और कुश्ती में ग्रामीण अचंलों को खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**छिन्दवाड़ा।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत पिछले दिनों भाजपा मंडल, ग्रामीण एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न खेलों का योजन किया गया। जिसमें गांवों के खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। भाजपा मंडल और ब्लॉक स्तर पर चयनित खिलाड़ी और टीमें अब छिन्दवाड़ा मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं में शामिल हो रहे है। शनिवार को जहा स्टेडियम ग्राउंड में फुटबॉल की टीमों के मैच खेले गए वहीं बैडमिंटन हॉल में जिले के ग्रामीण खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। साथ ही पुलिस ग्राउंड में कबड्डी की टीमों ने अपने मैच खेलें वहीं स्टेडियम ग्राउंड के हॉल में कुश्ती व ज्ञानगंगा स्कूल में शतरंज की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सांसद खेल महोत्सव के तहत छिंदवाड़ा जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक हाल में किया गया। शनिवार को स्पर्धा में सिंगलस के मैच खेले गए। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नवीन बास्कर, जागेंद्र अल्डक, पंकज पाटनी, परमजीत सिंह विज, जिला शिक्षा अधिकारी जीएस बघेल, रोहित पटेल, बीईओ अशरफ अली सहित जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका रत्नेश दुबे, अशफाक खान, तरुण विश्वकर्मा, महिमा यादव, अदिति बघेल, भाविक धुर्वे, अशवंत मार्को ने निभाई। स्पर्धा संयोजक जावेद खान, राकेश चौरसिया ने बताया कि 14 दिसंबर को सीनियर वर्ग तथा जूनियर वर्ग के डबल्स मैच दोपहर 1:00 बजे से खेले जाएंगे।



## न्यूटन परिषद ने हमेशा ही पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता दी - अनुपमा



**न्यूटन / परासिया।** न्यूटन चिखली नगर में पानी की समस्या को कांग्रेस के नेतृत्व वाली नगर परिषद हमेशा सजग रही है और शुद्ध पेयजल को हमेशा प्राथमिकता दी हैं ।यह कहना न्यूटन नगर पंचायत अध्यक्षा अनुपमा राय का है ।उन्होंने बताया , कि पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्व. हेमंत राय ने इसका अनुमान पूर्व में ही लगा लिया था ।उन्होनें अपनी दूरगामी सोच से न्यूटन चिखली क्षेत्र में भविष्य में पेयजल संकट की स्थिति न बनें इस हेतु तात्कालिक केन्द्रीय नगरीय विकास मंत्री कमलनाथ के समक्ष न्यूटन चिखली नगर की पेयजल व्यवस्था के लिये जलप्रदाय परियोजना का प्रास्ताव रखा । कमलनाथ ने उनकी इस दूरगामी योजना को समझा और केन्द्र शासन की युआईडीएसएसएसएमटी योजना के तहत इसे स्वीकृति प्रदान की ।इसी योजना के अंतर्गत पेंच नदी पर एनीकट का निर्माण नगर सीमा के अंदर करवाया जा रहा था ।जिसका विरोध भाजपा के तथाकथित नेताओं ने किया और किसानों को बहला फुसलाकर नगर सीमा में पेंच नदी पर बाँध नहीं बनने दिया ।इस कारण बहुत प्रयासों के बाद वर्तमान स्थल पर एनीकट का निर्माण करवाया गया ।जहाँ दूसरी तट के किसानों द्वारा बाँध की लंबाई अंदर तक नहीं बढ़ाने दी गई ।जिसकी वजह से आज पेंच नदी ने उस तट को अंदर तक काट लिया है और अपनी अलग ही धारा बना ली है ।जिसके कारण एनीकट में पर्याप्त पानी एकत्रित नहीं हो पा रहा है ।पूर्व अध्यक्ष को इसका भी अनुमान था इसलिये उन्होनें तात्कालिक मुख्यमंत्री म०प्र० शासन कमलनाथ के समक्ष मंधान डेम से न्यूटन नगर में पानी लाने की एक योजना तैयार कर प्रस्तुत की थी ।जिसके लिये उन्होनें स्वीकृति भी दे दी थी ।परन्तु दुर्भाग्यवश कमलनाथ की सरकार का तखता पलट कर दिया गया और भाजपा की नई सरकार ने मंधान डेम से न्यूटन नगर में पानी लाने के योजना को ठंड़े बस्ते में डाल दिया ।श्रीमती राय का कहना है , कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सरकार में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्व० हेमंत राय द्वारा न्यूटन चिखली के लिये गंधान डेम से पानी लाने की स्वीकृत करवाई गई ।परियोजना को भाजपा के स्थानीय नेताओं ने सांठगांठ से परासिया के लिये स्वीकृत करवा लिया और न्यूटन को सौतेला किया गया ।जबकि कमलनाथ की सरकार में स्वीकृत परियोजना में पहले न्यूटन को पानी मिलना था फिर परासिया को ।अभी भी न्यूटन नगर में पेयजल की बड़ी समस्या नहीं है ।यह संकट बंद खदानों के पानी ने उत्पन्न किया है ।नगर परिषद के पास अपने सीमित संसाधनों से जो समाधान किया जा सकता है नगर प्रशासन इसका पूरा प्रयास कर रहा है और हम अभी सभी वार्डों में कुछ दिनों के अंतराल में ही सही पानी सप्लाई कर रहे हैं । दो चार दिनों में पानी सप्लाई पटरी पर वापस आ जायेगी ।

## न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत में कराया गया समझौता

**छिंदवाड़ा।** म०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त आदेशानुसार माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुददार के निर्देशन में तथा राकेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव द्वारा महेंद्र मांगोदिया जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव के नेतृत्व में 13 दिसम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन कराया गया। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित पारिवारिक प्रकरण जो कि पति पत्नी के विवाद के चलते न्यायालय में लंबित थे, प्रकरण में न्यायाधीश श्रीमान महेन्द्र मांगोदिया, न्यायाधीश श्रीमति पूजा सिंह मौर्य जी एवं न्यायाधीश राहुल सोनी व्दारा अनेकों प्रकरणों में दोनो पक्षो को समझाइ्इस दी जाकर उनके प्रकरणो का निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव के न्यायालयों से क्रमशः प्रकरणों को निराकरण किया गया जिला न्यायाधीश श्रीमान महेन्द्र मांगोदिया व्दारा कुल 21 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें विद्युत प्रकरण 2, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 1 प्रकरण व हिन्दू मेरिज के 6 प्रकरण, 1 चैक अनादरण के प्रकरण तथा अन्य सिविल एवं आपराधिक 11 अन्य प्रकरणों का निराकरण किया गया। न्यायाधीश श्रीमति पूजा सिंह मौर्य जी व्दारा कुल 37 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 23 दांडिक प्रकरण, 08 चैक अनादरण के प्रकरण तथा पारिवारिक विवाद संबंधी 06 प्रकरण का निराकरण किया गया।

# नेशनल लोक अदालत में निपटे 1534 प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से दिनांक 13 दिसम्बर-2025 को साल चौथी एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई, तामिया में माननीय श्री सुशांत हुद्दार, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के कुशल नेतृत्व में किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाडा के द्वारा अन्य न्यायाधीशगणों अधिवक्ता संघ के सदस्यों तथा अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

नेशनल लोक अदालत में 39 खण्डपीठों के द्वारा मोटर दुर्घटना के 53 प्रकरणों में 19837000/-रूपये एवं चेक वाउन्स के 289 प्रकरणों में 65454544/- रूपये, विद्युत अधिनियम के 43 प्रकरणो में 642772/- रूपये की अवार्ड पारित किये गये तथा अन्य सिविल प्रकृति के 58 प्रकरणो में 5279766/- रूपये के अवार्ड पारित किये गये, इसी प्रकार अन्य प्रकृति के 95 प्रक्ररणा में 46541256/- तथा उपभोक्ता प्रतितोषण के 5 प्रक्ररणों में 1643305/-रूपये का आवार्ड पारित किया गया, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण 210, पारिवारिक विवाद के 177 प्रकरण आपसी सुलह समझौते के आधार पर निराकृत हुए। इस प्रकार न्यायालयों में लंबित कुल 930 प्रकरणों में दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर राजीनामा किया जाकर अंतिम निराकरण किया गया इसी प्रकार प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में बैंक बकाया वसूली के 26 प्रकरणों में 1483957/- नगर निगम/नगरपालिका के जलकर के 131 प्रकरणों में 873394/- एवं विद्युत विभाग के प्रिलिटिगेशन के 351प्रकरणों में 3073122/- एवं सम्पत्तिकर के 96 प्रक्ररणों में 1949274/- इस प्रक्रार कुल 1,534 प्रकरण आपसी राजीरामा के अधार पर निराकृत हुए जिनमें 146,778,390/- रूपये से अधिक के अवॉर्ड राशिका आदेश पारित किया गया।

# किराना दुकान में घुसा ट्रक, बाल बाल बचे लोग



**परासिया :-** रेलवे स्टेशन परासिया के सामने शनिवार दोपहर एक बड़ी दुर्घटना होने से बची । यहां करीब 2 बजे एक ट्रक अनियंत्रित होकर किराना दुकान में जा घुसा । गनीमत हुई की लोग बाल बाल बचे । सूचना मिलते ही परासिया थाने की पुलिस और रेलवे पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई ।मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 2 बजे रेलवे स्टेशन पर बने रेक यार्ड पर ट्राक क्रमांक एम एच 12 एन एक्स 7766 रेक पर मक्का खाली कर लौट रहा था । जो अनियंत्रित होकर लायंस हॉस्पिटल की ओर जाने वाली सड़क के किनारे मौजूद दुकान में जा घुसा । जिससे दुकान क्षतिग्रस्त हुई और उसमें रखा किराने का सामान भी खराब हो गया । गनीमत है , कि इस दौरान आने जाने वाले नहीं थे । परासिया - तामिया मुख्य मार्ग बंद होने के चलते इस मार्ग पर आवागमन काफी बढ़ गया है । ट्रक को जे सी बी मशीन से टोचन कर निकाला गया और परासिया थाने पहुंचाया गया ।

## एक लाख से अधिक विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**जुन्नारदेव।** देश का सबसे बड़ी नेशनल टैलेंट सर्च (एन.टी.एस.) परीक्षा 13 दिसंबर को संपूर्ण देश में एएमपी द्वारा आयोजित की गई। जिसमें छिंदवाड़ा जिले के दो परीक्षा केंद्रों में 300 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं सम्पूर्ण देश में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों ने दी परीक्षा। इस परीक्षा में सर्वाधिक अंक लेने वाले प्रतिभागियों को देश की 50 ख्याति प्राप्त कोचिंग सेंटरों में निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। इस परीक्षा में कक्षा आठवीं नौ वीं 10वीं 11वीं 12वीं मदरसे में अध्ययनरत से लेकर कालेज स्तर तक के विद्यार्थी शामिल हुए।परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को मेडिकल ,इंजीनियर ,कंप्यूटर, ला, यूपीएससी, कैट,कोचिंग सेंटर में निःशुल्क एडमिशन मिलेगा। उक्त जानकारी परीक्षा केंद्र प्रभारी मोहम्मद ताहिर मदरसा मोहम्मदिया जुन्नारदेव एवं मयंक साहू उड़ान पब्लिक स्कूल ने दिया और बताया कि एन टी एस परीक्षा के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रथम पुरस्कार 30 हजार द्वितीय पुरस्कार 20 हजार तृतीय पुरस्कार 10 हजार/- चौथे से दसवें स्थान तक2 हजार रूप और ग्यारहवें से 50 में स्थान तक को एक हजार एवं प्रत्येक स्टेट टॉपर को 1एक हजार रुपए के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### किसानों को परेशान करने वालों को नहीं किया जायेगा बर्दाश्त-विवेक विक्की पटेल

## विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्राम भेंड़ारा और कोस्ते धान खरीदी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विधायक विवेक विक्की ने शुक्रवार को अचानक ग्राम पंचायत भेंड़ारा और कोस्ते धान खरीदी केंद्र पहुँच कर धान खरीदी प्रक्रिया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी की व्यवस्था देखने के साथ किसानों से भेंट कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। विधायक को कुछ किसानों ने मानक के अनुसार धान रिजेक्ट करने की जानकारी से अवगत कराते हुए फटे पुराने बारदाने मिलने की शिकायत की।

जिस पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने केंद्र प्रभारी को धान खरीदी को लेकर किसानों को परेशान नहीं करने की हिदायत देते हुए कहा कि हम किसानों को परेशान करने वाले को हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान बड़ा संघर्ष कर फसल पकाता है, सरकार उन्हें वाजिब दाम नहीं दे रही है, 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदी करने का वादा नहीं निभाया जा रहा है, जिससे किसानो में भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मुझे किसानों द्वारा लगातार समस्याएँ बताए जा रही थी, जिसके बाद मेरे द्वारा अचानक कोस्ते धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया गया, कुछ समस्या सामने आयी हैं, जिसके लिए मौके पर ही निर्देश दिये गये है। हम किसानों के साथ है और किसानों को धान बेचने आने के दौरान परेशान नहीं किया जाये। भाजपा सरकार द्वारा किसानों से 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया गया था, मगर वह झूठा साबित हुआ हैं। समय पर किसानों को खाद नहीं मिल पाया, अतिवृष्टि से नुकसान हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। मेरे द्वारा समय-समय पर किसानों की हर समस्याओं को सरकार के समक्ष रखा गया है, मैं हमेशा किसानो के साथ हूॅ, जब भी मेरी आवश्यकता किसानों को पड़ेगी, मैं उनके साथ हमेशा साथ खड़ा रहुँगा।

धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने के दौरान विधायक श्री पटेल के साथ ग्राम पंचायत सिकन्द्रा के भूतपूर्व सरपंच राजकुमार चौधरी व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रापं. परसवाड़ा में शासकीय पानी टंकी की भूमि में अतिक्रमण का मामला, एसडीएम ने शीघ्र कार्यवाही का दिया आश्वासन

# अतिक्रमण हटाने की मांग लेकर 2 दर्जन से अधिक महिलाएं पहुंची तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत परसवाड़ा में जलजीवन मिशन अंतर्गत बनने वाली पानी टंकी के निर्माण हेतु शासकीय भूमि में ग्राम के राजा लिल्हारे द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने की मांग लेकर 12 दिसंबर शुक्रवार को ग्राम परसवाड़ा की दो दर्जन से अधिक महिलाएं सरपंच के साथ तहसील कार्यालय पहुंची और एसडीएम को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को अपनी परेशानी बताते हुए महिलाओं ने कहा की ग्राम के ही राजा लिल्हारे द्वारा जबरन शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण किया जा रहा है जिसे हटाने के लिये विगत एक माह से प्रयास किये जा रहे है परंतु उक्त व्यक्ति द्वारा अपनी मनमानी करते हुए उसे हटाया नहीं जा रहा है। महिलाओं ने बताया की राजा लिल्हारे द्वारा सरकारी हैंडपंप में भी अपनी मोटर डालकर कब्जा कर लिया गया है और किसी भी ग्रामीण को उक्त पंप से पानी नहीं लेने दिया जाता और कोई विरोध करता है तो उसे राजा लिल्हारे एवं उसके परिवार द्वारा अपशब्द कहते हुए अभद्रता की जाती है। ग्रामीणों ने बताया की राजा लिल्हारे द्वारा कहा जाता है की पूर्व विधायक के रहते मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, तुम जिसके पास जाकर मेरी शिकायत कर सकते हो कर लो। ग्राम पंचायत परसवाड़ा सरपंच के साथ पहुंची ग्रामीण महिलाओं को एसडीएम कमलचंद सिंहसार से आश्वस्त करते हुए कहा की सरकारी जमीन पर कब्जे का अधिकार किसी को नहीं है। पानी टंकी निर्माण की भूमि को शीघ्र ही अतिक्रमण से मुक्त किया जाएगा।

### जल प्रदाय योजना हेतु स्वीकृत हुई थी जमीन

ग्राम पंचायत परसवाड़ा में विगत 24 मई 2025 को जल प्रदाय योजना अंतर्गत पानी टंकी हेतु भूमि का चयन ख.नं. 115 रकबा 0.336 हेक्टेयर की भूमि ग्रापं. परिसर में उपस्थित सदस्यों के राय से पानी टंकी के निर्माण हेतु उक्त भूमि का चयन किया गया था। इस दौरान ग्राम के सरपंच सहित ग्राम के 9 पंच सदस्यों की मौजूदगी थी जिनके द्वारा ग्राम सदन में ध्वनि मत से इसे पारित किया गया। परंतु ग्राम के ही वार्ड क्रमांक 7 निवासी राजा लिल्हारे द्वारा उक्त भूमि पर सरपंच की गैरमौजूदगी का फायदा उठाते हुए लगभग 8 कॉलम का पक्का अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है जिसे हटाने समझाईश देने के बाद भी उसे हटाया नहीं जा रहा है जिससे सरपंच और ग्रामीण परेशान हैं। इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए ग्राम के सरपंच विजय लिल्हारे ने बताया की राजा लिल्हारे द्वारा पूर्व में भी ग्राम के अन्य स्थानों पर अपना अवैध कब्जा किया गया है, राजा लिल्हारे द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की जमीन के बाजू में ही शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करते हुए पक्का निर्माण किया गया है जिसमें उसके द्वारा अपने वाहन एवं मवेशी रखे जा रहे है।

शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग लेकर सरपंच विजय लिल्हारे के साथ तहसील कार्यालय पहुंची ग्रामीण महिलाओं में ममता, सुशीला, अनुसूया, रामेश्वर, कंचना मलगाम, ज्योति उईके, मनुबाई उईके, सुकचरण उईके, संतोष, जुगरीबाई, लखन लिल्हारे, श्यामकली बाई, वर्षा, सुनील, मधुकर, कन्ता मलगाम, मनुबाई मलगाम, सुनीता मलगाम, उषा मलगाम, संतुरा मलगाम, मनीराम मलगाम, सोनल लिल्हारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मेनू के आधार पर नहीं परोसा जा रहा बच्चों को भोजन, प्राथमिक शाला कंजई का ग्रामीणों ने किया निरीक्षण

# मध्यान भोजन में बच्चों के निवाले मे डाका



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा अंतर्गत ग्राम कंजई बैरियर स्थित प्राथमिक शाला में बच्चों को भोजन मेनू के आधार पर नहीं दिया जा रहा है जिसकी निरंतर शिकायत प्राप्त होने पर ग्राम पंचायत कंजई के पंच फिरोज खान, सूरजलाल मुर्खे, गांव के जागरूक व्यक्ति मुन्ना भैया मदनकर, विनोद पटले सहित अन्य ग्रामीण जन द्वारा शुक्रवार को स्कूल पहुंचे, और बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान भोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया. जिसमें देखा गया की मध्यान भोजन का संचालन करने वाले समूह द्वारा स्कूल में उपस्थित 34 बच्चों के लिए लगभग भीगा हुआ आधा किलो चना, एवं एक पाव सोयाबीन की बड़ी लाई गई मध्यान भोजन में पसरी अव्यवस्थाओं को देखने पहुंचे पंच और जागरूकजनो ने शिक्षकों से पूछा कि स्कूल में संख्या कितनी है तो शिक्षकों ने बताया कि आज की बच्चों की संख्या 34 है। सवाल यह है कि क्या.. स्कूल में उपस्थित 34 बच्चों को सिर्फ आधा किलो भीगा हुआ चना और एक पाव सोयाबीन की बड़ी से पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार मिल पाएगा।

**नहीं दिया जा रहा बच्चों को पौष्टिक आहार:** प्राथमिक शाला स्कूल कंजई बेरियल मे मध्यान भोजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे फिरोज खान, सूरजलाल मुरखे, मुन्ना जी मदनकर व सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की लंबे समय से गोपाल पटेल प्राथमिक शाला कंजई में स्व सहायता समूह द्वारा मध्यान भोजन संचालित किया जा रहा है जिसमें अव्यवस्थाओं का आलम बना है एक ही समूह द्वारा आंगनबाड़ी और स्कूलों में भोजन परोसा जा रहा है कई दिनों से देखने में आ रहा है कि समूह द्वारा बच्चों के निवाले पर डाका डाला जा रहा है निरंतर शिकायत प्राप्त होने के बाद आज निरीक्षण करने पहुंचे तो देखा कि 34 बच्चों के लिए आधा किलो भीगा हुआ चना और एक पाव सोयाबीन की बड़ी लाई गई थी जो 34 बच्चों के पर्याप्त नहीं है पूछने पर स्व सहायता समूह के प्रतिनिधियों द्वारा ऊलजुलूल बातें की गईं है जो न्याय संगत नहीं है। बच्चों को मेनू के आधार पर भोजन नहीं दिया जा रहा है। हमारी जिला प्रशासन से मांग है कि इस गंभीर मामले पर ध्यान दें और गांव और अन्य स्कूलों आंगनबाड़ियों में एक ही समूह द्वारा मध्यान भोजन संचालित किया जा रहा है मध्यान भोजन में लापरवाही बरती जा रही है जो शासकीय योजना में पलीता है।

**क्या है योजना का उद्देश्य :**मिड डे मील भारत सरकार द्वारा चलाई जाने वाली एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य बच्चों के पोषण में सुधार बच्चों को विशेष कर वंचित वर्गों को आवश्यक कैलोरी और प्रोटीन में भरपूर पौष्टिक भोजन बना ताकि उनका कुपोषण दूर हो।गरीब बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित करना जिससे शिक्षा के अधिकार को बढ़ावा मिले। बच्चों को एक साथ भोजन करने का अवसर देकर जातिगत भेदभाव को कम करना और लैंगिक अंतर को पाटना, बेहतर पोषण से बच्चों की एकाग्रता और सीखने की क्षमता बढ़ती है जिससे शिक्षा की गुणवत्ता सुधरती है, बच्चों के स्वास्थ्य पोषण और शिक्षा के साथ-साथ देश के सामाजिक आर्थिक विकास में योगदान शिक्षा और पोषण के साथ जोड़कर बच्चों के उज्जवल भविष्य देश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### इनका कहना हैं

प्राथमिक शाला कंजई बेरियल मे बच्चों को मेनू के आधार पर भोजन नहीं परोसा जा रहा है जो शासकीय योजनाओं में लिपा पो ती है और बच्चों के पोषण से खिलवाड़ है। प्रशासन से मांग है कि मध्यान भोजन की व्यवस्थाओं को सुधारने की कृपा करें और समूह पर कार्यवाई।

**फिरोज खान, पंच ग्राम पंचायत कंजई**

मेनू के आधार पर बच्चों को समूह द्वारा भोजन नहीं दिया जा रहा है. जिस दिन पुलाव बनता है उस दिन मेरे बच्चे खाने का डिब्बा घर से लाते है ।

**प्रीतम पंन्द्रे , पालक संघ अध्यक्ष**

### रो-रोकर सुनाई अपनी व्यथा, पिता ने कहा सेंटर की नहीं थी जानकारी

# शिक्षक की लापरवाही से नवोदय परीक्षा से वंचित हो गई नन्ही बालिका



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी में 13 दिसंबर शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। शिक्षा विभाग द्वारा उक्त परीक्षा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य होनहार छात्रों को प्रवेश के प्रतिष्ठित नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेशित कर कक्षा 12वीं तक सर्वसुविधायुक्त वातावरण में निःशुल्क अध्ययन-अध्यापन करवाना है। आज संपन्न हुई परीक्षा में प्रवेश हेतु उत्तीर्ण पाए जाने वाले छात्र वारासिवनी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में सत्र 2026 से प्रवेश ले सकेंगे। परंतु इसी बीच ग्राम बाघाटोला के शासकीय प्राथमिक शाला में अध्यनरत कक्षा 5वी की बालिका कु. रागिनी पिता सवलराम फुलबांधे उक्त परीक्षा से वंचित हो गई। जिसका मुख्य कारण शिक्षक की लापरवाही और उसके पिता का पढ़ा लिखा नहीं होना था। बालिका 13 दिसंबर की सुबह अपने पिता के साथ परीक्षा केंद्र पहुंची तो उसे गलत परीक्षा केंद्र में आने के कारण परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। जब इस संबंध में बालिका रागिनी के पिता से पूछा गया तो उन्होने बताया की वह पढ़े लिखे नहीं है और स्कूल के शिक्षक धरमदास कुतरिया द्वारा परीक्षा केंद्र की जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होने बताया की शासकीय प्राथमिक शाला बाघाटोला के अन्य बच्चों का परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी होने से वह भी अन्य बच्चों के साथ यहां पहुंची है परंतु यहां आने पर उन्हें पता चला की रागिनी का परीक्षा केंद्र बालाघाट जिला मुख्यालय में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ी बालाघाट है। जिसके कारण बालिका तय समय पर अपने परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सकी और परीक्षा से वंचित हो गई। सवलराम ने कहा एक दिन पूर्व ही उन्हें प्रवेश पत्र दिया गया था परंतु परीक्षा केंद्र की जानकारी नहीं दी गई थी। दूसरी ओर जब ग्राम बाघाटोला के शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक धरमदास से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उनके द्वारा कहा गया की कार्य की व्यस्तता के कारण वह रागिनी का प्रवेश पत्र नहीं देख पाए और जानकारी के अभाव में यह हालात बन गये। ऐसे इस गलती का दोषी किसे माना जाए? वह पिता जो स्वयं तो नहीं पढ़ सका परंतु अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिये प्रयासरत है परंतु अनपढ़ होने के कारण आज शासन द्वारा होनहार बच्चों के लिये चलाई जा रही एक परीक्षा में अपनी बच्ची को शामिल नहीं करा पाया। वहीं अब इस संबंध में जानकारी मिलने पर शिक्षा विभाग द्वारा कोई कार्यवाही की जाती है या नहीं यह देखने लायक होगा।

## खबर संक्षेप

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 17 से प्रारंभ होगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में दुग्ध उत्पादन देश का लगभग 9 प्रतिशत है, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी उद्देश्य से राज्य में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसंबर 2025 से सभी जिलों में प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। इस दौरान पशुपालन विभाग का अमला तथा मैत्री/गौसेवक घर-घर पहुंचकर पशुपालकों को पशु पोषण, स्वास्थ्य और प्रजनन (नस्ल सुधार) संबंधी जानकारी देकर दुग्ध व्यवसाय को लाभदायी बनाने के लिए मार्गदर्शन देंगे। द्वितीय चरण में 5 से 9 गाय/भैंस पालक पशुपालकों को शामिल किया गया है। पशुपालकों से अपील है कि विभागीय कर्मचारियों द्वारा बताए गए तकनीकी सुझावों को अपनाकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में योगदान दें और अपने व्यवसाय को अधिक लाभकारी बनाएं।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र पलारी की घोर लापरवाही से किसान तबाह!

# चेक गुम, खाता खाली, किसान का एक लाख डूबा

## ब्रांच मैनेजर ने मानी चेक गुम होने की बात, कार्रवाई की उठी मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** । सिवनी जिले के केवलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम खैरा पलारी स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है। बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित घोर लापरवाही के चलते एक मेहनतकश किसान को सीधा एक लाख रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है।

### चेक जमा, लेकिन खाते में नहीं आई रकम

ग्राम नवीन पलारी निवासी किसान मनोज ठाकुर ने बताया कि उन्होंने हाल ही में एक प्लॉट का सौदा किया था। सौदे के तहत उन्होंने एक लाख रुपये बयाना देकर प्लॉट बुक किया था, जिसकी अंतिम रजिस्ट्री तिथि 4 दिसंबर 2025 तय थी।

रजिस्ट्री के लिए पैसों की जरूरत पडऩे पर किसान ने अपनी मक्का की फसल कम दाम पर श्रीराम ट्रेडर्स, पलारी को बेच दी। भुगतान के बदले श्रीराम ट्रेडर्स द्वारा 1,50,645 रुपये का चेक दिया गया, जिसे किसान ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पलारी स्थित अपने बचत खाते में जमा किया। हैरानी की बात यह है कि चेक देने वाली फर्म का खाता भी उसी बैंक में है, इसके बावजूद कई दिनों तक राशि खाते में स्थानांतरित नहीं की गई।

### रजिस्ट्री के दिन भी खाते में नहीं आए पैसे

मनोज ठाकुर ने 3 दिसंबर तक खाते में रकम आने का इंतजार किया। 4 दिसंबर को रजिस्ट्री के दिन भी जब पैसे नहीं आए तो उन्होंने प्लॉट विक्रेता से दो दिन का समय मांगा। लेकिन 6 दिसंबर 2025 तक भी बैंक द्वारा राशि ट्रांसफर नहीं की गई।

नतीजा यह हुआ कि प्लॉट की रजिस्ट्री रद्द हो गई और बयाने के रूप में दिए गए एक लाख रुपये पूरी तरह डूब गए।



### ब्रांच मैनेजर ने मानी चेक गुम होने की बात

मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब पलारी ब्रांच मैनेजर वैभव खरात ने कथित तौर पर चेक गुम होने की बात स्वीकार की। इससे बैंक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### पुलिस चौकी और उच्च अधिकारियों से शिकायत

पीड़ित किसान ने इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस चौकी पलारी में दर्ज कराई है। साथ ही बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों को भी लिखित शिकायत भेजकर 1,50,645 रुपये तत्काल खाते में जमा कराने, बयाने के एक लाख रुपये की भरपाई, और लापरवाह अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

### पहले भी विवादों में रहा है बैंक

स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र, खैरा पलारी के अधिकारी-कर्मचारी लापरवाह रवैये और खराब व्यवहार को लेकर पहले भी कई बार विवादों में रह चुके हैं। हितग्राहियों द्वारा शिकायतें की जा चुकी हैं और यह मुद्दा प्रिंट मीडिया में भी पूर्व में प्रकाशित हो चुका है।

अब देखना यह होगा कि बैंक प्रशासन इस गंभीर मामले में पीड़ित किसान को न्याय दिलाता है या फिर एक बार फिर फाइलों में ही मामला दबा दिया जाएगा।

# 9 कॉलोनाइजर पर एफआईआर दर्ज, टीएनसी पास किए बिना बसा दी अवैध कॉलोनी

जिले में खेती की जमीन पर अवैध कॉलोनी बसाने का धंधा जोरों से फल-फूल रहा है। कृषि भूमि को अवैध कॉलोनी के रूप में परिवर्तित कर बिना टीएनसी नक्शा पास कराए लोगों को प्लाटिंग कर बेच दी जा रही है।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

हालांकि इस मामले में प्रशासन ने बड़ा एक्शन लेते हुए जांच के बाद 12 अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसमें से 9 कॉलोनाइजर पर डूंडासिवनी थाना में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी काफी समय से बिना शासन की अनुमति और टीएनसी नक्शा पास कराए बींझावाड़ा, पलारी, डोरली छतरपुर में अवैध कॉलोनी विकसित कर प्लॉट बेच रहे थे।

आरोपी मुस्तफा खान, सलिमुन्निसा बेगम, इनामउल्ला खान, मुस्तफा खान, आरिफ खान, विनोद खुशानी एवं संजय पुसानी, अशफाक अली, ब्रिजेश चौहान एवं चट्टानसिंह कटरे पर एसडीएम के आदेश पर डूंडासिवनी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। शेष पर अन्य थाना में जल्द ही एफआईआर दर्ज करने की बात कही गई है।


फाईल फोटो

### बुनियादी सुविधाओं के नियमों का उल्लंघन

बिना टीएनसी(तकनीकी रूप से अधिसूचित कॉलोनी) के कॉलोनी काटना कानूनी रूप से अपराध है। इसमें जमीन के नियमों पेयजल, सीवेज और अन्य बुनियादी सुविधाओं के नियमों का उल्लंघन होता है, जिससे खरीदार ठगे जाते हैं।

### जमीन खरीदने से पहले करनी चाहिए जांच

जिले में कई लोग सस्ते जमीन के लालच में अवैध कॉलोनाइजर के बहकावे में आ जाते हैं। जानकारों का कहना है कि जमीन खरीदने से पहले मालिकाना हक(टाइटल), पिछले 30 साल के रिकॉर्ड, बिक्री विलेख, टाइटल डीड और इनकम्ब्रेंस सर्टिफिकेट(कोई कर्ज या केस नहीं) की जांच करनी चाहिए। इसमें खसरा-खतौनी, भूमि का नक्शा देखें, जमीन का इस्तेमाल और स्थानीय नियमों की पुष्टि करें। इसके अलावा फिजिकल बाउंड्री, रास्ते और आस-पास के इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच करना बेहद जरूरी है ताकि धोखाधड़ी से बच सकें और विवादों से दूर रह सकें। यह भी देखें कि टीएनसी से नक्शा पास कराया गया है कि नहीं।

# खुरसुरा नाला और दलाल नाला में जनभागीदारी से बोरी बंधान कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नावांकुर संस्था , मा रेवा ग्रामोत्थान समिति , सुलोचना स्मृति निकेतन शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण के महत्वपूर्ण उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक और सार्थक कदम उठाया गया। जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत खुरसुरा नाला एवं ग्राम पंचायत सकरी के दलाल नाला में बोरी बंधान कार्य को प्रभावी जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह कार्यक्रम 12 दिसंबर को आयोजित किया गया, जिसमें जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला, ब्लॉक समन्वयक अशोक बेंद्रे,

नावांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार, एवं मेंटर मोतीराम हरदुआ अरविंद बिसेन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खुरसुरा एवं सकरी के सदस्यों, एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। सभी ने मिलकर नाला में बोरी भरकर बांध बनाए, जिससे वर्षा जल को अधिकाधिक संरक्षित किया जा सके और भू-जल स्तर को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में जन अभियान परिषद के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को जल संरक्षण शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला, ब्लाक समन्वयक अशोक बेंद्रे, बद्री सनोडिया, मेंटर मोतीराम हरदुआ, नावांकुर संस्था समिति अध्यक्ष अरविंद बिसेन, माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार, खुरसुरा सरपंच सोनम भुनेश्वर देशमुख, चंद्रकुमार बिसेन उपसरपंच, संदीप सोनी, नंदकिशोर बिसेन अध्यक्ष प्रस्फुटन समिति, श्रीराम बिसेन, मोतीलाल पटले, अनिल यादव, श्रीमती निर्मला सरयाम, मूलचंद सोनी, नितिन प्रजापति, अजय नागेश्वर, सकरी पंचायत से हेमलता पंचेश्वर सरपंच, अनीता सोनी, संतकुमारी ऐठेश्वर, कांतिबाई तिलेश्वर, रमनकुमारी ऐठेश्वर, प्रतिभा मानेश्वर, चंद्रकली दुर्गेश नागेश्वर जनपद सदस्य, दुर्गेश्वरी देशमुख, श्यामा बाई मानेश्वर, नीतू हरदिया, माधुरी मानेश्वर, राजवती पंचेश्वर अध्यक्ष प्रस्फुटन समिति सकरी सहित बीएसडब्ल्यू के छात्र एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# मिलन मेरे श्याम से भजन संध्या का आयोजन 6 जनवरी को

**केवलारी** -विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के श्याम परिवार के भक्तों द्वारा नववर्ष में मिलन मेरे श्याम से कार्यक्रम का स्थानीय जैन मंदिर प्रांगण में दिनांक 6 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को आयोजित होना है। श्याम परिवार के अखिलेश अवधिया विनोद मोदी नीलेश अवधिया,एवं महेंद्र यादव ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में बाबा श्याम के शीर्ष को स्थानीय दुर्गाम्बा मंदिर से बाजे गाजे के साथ कार्यक्रम स्थल ले जाकर बाबा का दिव्य दरबार भक्तों के लिए लगाया जाएगा एवं बाबा की पूजन अर्चन के दौरान श्याम परिवार की महिला मंडल द्वारा बाबा को 56 भोग लगाया जाकर अखंड ज्योत को प्रज्ज्वलित किया जाएगा । इसके उपरांत कार्यक्रम के दूसरे चरण में आर.आर म्यूजिकल ग्रुप के श्याम भजन गायक अमित राजा एवं गायिका ऋतु पावर एवं रेखा यादव द्वारा श्याम भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी तो वहीं सुमित आर्ट के कलाकारो द्वारा कृष्ण लीला पर आधारित महारास की भी प्रस्तुतियां के साथ फूलों की होली और श्याम रसोई का भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

श्याम परिवार के द्वारा भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा के भक्तिमय दरबार में हाजरी लगाकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।




# बिना सूचना स्कूल बंद रखने पर शिक्षा विभाग सख्त, कारण बताओ नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज घंसौर।**

जिला शिक्षा केंद्र घंसौर, जिला सिवनी द्वारा एकीकृत माध्यमिक शाला झिरई के प्रधान पाठक को बिना पूर्व सूचना विद्यालय बंद रखने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। शिक्षा विभाग के अनुसार यह गंभीर लापरवाही का मामला है, क्योंकि विद्यालय उस समय बंद पाया गया जब अर्धवार्षिक मूल्यांकन कार्य चल रहा था।

जारी पत्र के अनुसार, दिनांक 9 दिसंबर 2025 को लगभग 3:55 बजे संबंधित विद्यालय बिना किसी पूर्व सूचना के बंद पाया गया। विद्यालय परिसर के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि अर्धवार्षिक मूल्यांकन के समय सभी शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करेंगे।



शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा निर्धारित समयानुसार शिक्षकों को प्रातः 10:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है। इसके बावजूद विद्यालय का समय से पूर्व बंद होना शासन निर्देशों का उल्लंघन माना गया है।

### प्रधान पाठक से दो दिवस में स्पष्टीकरण तलब

जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा जारी पत्र में प्रधान पाठक को निर्देशित किया गया है कि वे दो दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं प्रधान पाठक की होगी।

शिक्षा विभाग ने अपने पत्र में स्पष्ट शब्दों में कहा है कि इस प्रकार की कार्यशैली से यह प्रतीत होता है कि संबंधित प्रधान पाठक अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह एवं उदासीन हैं।

विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित उच्च अधिकारियों को भी इसकी प्रतिलिपि प्रेषित की है, जिनमें जनपद पंचायत घंसौर, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र सिवनी, विकासखंड अधिकारी घंसौर एवं संकुल प्राचार्य शामिल हैं।

स्थानीय स्तर पर इस घटना को लेकर अभिभावकों एवं शिक्षा जगत में भी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि परीक्षा एवं मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण समय में विद्यालय का अचानक बंद होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। शिक्षा विभाग का यह कदम अनुशासन बनाए रखने और शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अब सभी की निगाहें प्रधान पाठक द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि विद्यालय बंद करने के पीछे क्या कारण रहे और आगे इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति कैसे रोकी जाएगी।

### लतीफ खान को किया गया सुपुर्दे खाक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय के बारापत्थर बड़ी ज्यारत मे निवासरत मुस्तकीम खान के छोटे बेटे एवं अतीक खान पत्रकार के छोटे भाई लतीफ खान पप्पू का बीती रात अचानक हार्ट अटैक आने से इंतकाल हो गया है, जो मतीन नाशा पत्रकार के भतीजे थे. जिनकी नमाज़ ए जनाज़ा बाद नमाज ईशा के बड़ी ज्यारत मे अदा कर कब्रिस्तान में सुपूर्दे खाक किया गया. नमाजे जनाजा मे सामाजिक जनो एवं गणमान्य नागरिको ने मौजूद होकर मरहूम के हक मे दुआएं माग़फिरत की।

# जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा अंतर्गत कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु चयन परीक्षा वर्ष 2025-26 शनिवार 13 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे से 1.30 बजे तक परीक्षा का आयोजन जिले के 37 परीक्षा केन्द्रों में किया गया। जिसमें परीक्षार्थियों की कुल दर्ज संख्या - 11963, उपस्थित-10889, अनुपस्थित-1074, एवं नकल प्रकरण निरंक है। उन्होंने बताया कि सहायक संचालक श्री आर.आर. मेहता, ए.पी.सी. एस. के. राय, प्राचार्य अनुराग सक्सेना, एवं परीक्षा प्रभारी रामसिंह तेकाम के द्वारा शास. उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट, शास.उ.मा.वि.गंगेरुआ,शास.उ.मा.वि.अरी, गुरुकुल हायरसेकेण्डरी विद्यालय बरघाट का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारु रुप से संचालित पाई गई।



# विकासखंड बरघाट के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार जिला सिवनी के विकासखंड बरघाट के सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के 120 विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण हेतु फड़ीडीआई छिंदवाड़ा एवं बादल भोई आदिवासी संग्रहालय छिंदवाड़ा का भ्रमण कराया गया ।**

फुटवियर डिज़ाइन और डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट, जो कि वाणिय और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला देश का जाना माना सरकारी संस्थान है , जिसमें दिनांक 10 दिसंबर को फड़ीडीआई छिंदवाड़ा परिसर में करियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे जिला सिवनी के बरघाट ब्लॉक के उचतर माध्यमिक विद्यालय के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने लाभ उठाया । इस कार्यशाला के अन्तर्गत विद्यार्थियों को लेदर उद्योग , टेक्सटाइल उद्योग व रिटेल उद्योग सबंधित शिक्षण प्रशिक्षण के साथ साथ संस्थान द्वारा संचालित रोजगार , स्वरोजगार उन्मुखी कार्यक्रमों एवं एफडीडीआई में एडमिशन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के उपरांत विद्यार्थियों ने संस्थान के भ्रमण के दौरान आधुनिक मशीनों के माध्यम से लेदर व टेक्सटाइल के उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया से अवगत हुए। इस कार्यशाला को संस्थान के एडमिशन विभाग प्रभारी श्री जागृत सदारंग , एडमिशन काउंसलर श्रीमती पूजा राजपूत , एडमिशन कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार लोखंडे द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



इसके उपरांत समस्त विद्यार्थियों को छिंदवाड़ा स्थित बादल हुई आदिवासी संग्रहालय ले जाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने आदिवासी संस्कृति को जाना एवं आदिवासी विरासत के विभिन्न राजाओं, योद्धाओं एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का इतिहास समझा। इस आयोजन में जिला सिवनी के बरघाट विकासखंड के शास उचतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय के ब्लॉक नोडल प्राचार्य वीरेंद्र नाथ बिसेन, एवं अन्य विद्यालयों के मार्गदर्शी शिक्षकगणों द्वारा भ्रमण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया

# एमपी ट्रांसको सिवनी जिले के सबस्टेशनों में रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की पहल से बढ़ी सजगता, मिले सकारात्मक परिणाम

**एमपी ट्रांसको सिवनी जिले के सबस्टेशनों में रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की पहल से बढ़ी सजगता, मिले सकारात्मक परिणाम**

सिवनी 12 दिसम्बर 2025/ मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा सिवनी जिले में सबस्टेशनों की सुरक्षा एवं कार्यप्रणाली में सुधार हेतु शुरू की गई रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की पहल लगातार सकारात्मक परिणाम दे रही है। इन निरीक्षणों के बाद सिवनी क्षेत्र के सबस्टेशनों पर तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों में कार्य के प्रति सजगता और अनुशासन का स्तर बढ़ा है, वहीं लापरवाही के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी आई है। इस पहल से न केवल सुरक्षा में मजबूती आई है, बल्कि यार्ड संचालन एवं कार्य दक्षता में भी महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है।

**सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस में भी मिला फायदा**

एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता निजाम सिंह लोधी ने बताया कि रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की यह परंपरा पूर्व मुख्य अभियंता श्री प्रवीण गार्गव के कार्यकाल में प्रारंभ की गई थी। उस समय सबस्टेशनों के ट्रांसफॉर्मरों के न्यूट्रल से जुड़े अत्यंत संवेदनशील एवं बहुमूल्य तांबे की स्ट्रिप और आईसोलेटर के कॉपर ब्लेड चोरी की घटनाएँ सामने आती थीं। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु शुरू की गई यह पहल अब तक अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई है। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक अधिकारी द्वारा सबस्टेशन का फोटो एवं वीडियो प्रमाण सहित निरीक्षण विवरण विभागीय व्हाट्सऐप समूह में साझा किया जा रहा है, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। श्री लोधी ने बताया कि औचक निरीक्षण के अतिरिक्त, सिवनी जिले के सबस्टेशनों में वीडियो कॉल के माध्यम से भी रात्रिकालीन निरीक्षण किए जा रहे हैं। इससे किसी भी समय, किसी भी स्थान से अधिकारी सबस्टेशन की वास्तविक स्थिति की मॉनिटरिंग कर पा रहे हैं, जो सुरक्षा और निगरानी प्रणाली को और अधिक मजबूत बना रहा है। उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन यार्ड निरीक्षण तकनीकी रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। अंधकार में यार्ड की जाँच के दौरान कई सूक्ष्म गतिविधियाँ दिखाई देती हैं, जिन्हें दिन के उजाले में अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। इससे उपकरणों में संभावित खराबियों का समय रहते पता चल रहा है, जिसके कारण अचानक होने वाले ब्रेकडाउन या आपातकालीन स्थितियों को टालने में सफलता मिली है। साथ ही, मेंटेनेंस कार्य पहले से अधिक योजनाबद्ध और प्रभावी रूप से संपादित हो पा रहा है। इन निरीक्षणों के दौरान अधिकारियों के साथ आउटसोर्स कर्मियों को भी रात्रिकालीन यार्ड निरीक्षण की बारीकियाँ सीखने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनकी तकनीकी दक्षता लगातार बढ़ रही है। इस व्यवस्था में जूनियर इंजीनियर से लेकर अतिरिक्त मुख्य अभियंता तक सभी अधिकारियों को नियमित रूप से औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। समय-समय पर किए जा रहे ये निरीक्षण सबस्टेशनों की सुरक्षा, विश्वसनीयता और संचालन गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित कर रहे हैं। एमपी ट्रांसको की यह पहल न केवल सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे सिवनी क्षेत्र में पावर ट्रांसमिशन सिस्टम की गुणवत्ता एवं स्थिरता मजबूत हुई है, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो रही है।

# बिना किसी याचना, कामना से भगवान की करना चाहिए भक्ति : हितेंद्र शास्त्री

**सिवनी।** बार बार किसी से कुछ न कुछ मांगने से संबद्ध खराब होता है, इसलिए जब भी मंदिर जाए तो भगवान से मांगे भगवान हमे आप अपने चरणों में बुला ले, आपकी कृपा हमेशा बनी रहे। भगवान को तो सब पता है वही सब कुछ देने और लेने वाले हैं। उक्ताशय की बात मरझोर रोड स्थित पैराडाईज लॉन में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ महोत्सव में शनिवार को आचार्य श्री हितेन्द्र पाण्डेय जी (मातृधाम) काशी ने श्रद्धालुओं से कही।

कथा वाचक ने आगे कहा कि उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था।



भगवान कृष्ण कहते हैं कि मुझे वह भक्त प्रिया है जो बिना किसी कामना के पूजन करते हैं। भगवान की पूजन तो कीजिए लेकिन फल की इच्छा मत कीजिए। आपका जो पूजन है, आपकी जो आराधना है वह कभी व्यर्थ नहीं जाती।

कथा आयोजक उषा दुबे, दिवेश-महिमा तिवारी, अरविंद – माधुरी तिवारी ने बताया कि रविवार को श्री राम एवं कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई जाएगी।

### क्षमता से अधिक धान भरकर ट्रकों से हो रहा परिवहन, हादसों का मंडरा रहा खतरा

# धान परिवहन में ठेकेदार की मनमानी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हो गई है इसके साथ ही खरीदी केंद्रों से धान का उठाव भी शुरू हो गया है। परिवहन की जिम्मेदारी जिस ठेकेदार या एंजेसी को मिली है। वह कम समय में अधिक माल (धान) का परिवहन करने के लिए ट्रकों में क्षमता से अधिक धान की बोरियां भरकर परिवहन करवा रहा है। जिससे सड़क हादसों का खतरा मंडरा रहा है। शनिवार को सिवनी रोड़ पर संचेती की पुरानी पोहा मिल के सामने एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रत्यक्षदर्शी अनमोल शर्मा ने बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमए 6598 कृषि उपज मंडी की तरफ क्षमता से अधिक बोरियां भरकर धान लेकर जा रहा था। एक ब्रेकर के सामने आते ही ट्रक की बोरियां भरभराकर नीचे सड़क पर आकर गिर गई। उन्होंने बताया कि गनीमत की बात यह रही कि ट्रक के पीछे या सड़क पर कोई तेज रफ्तार से नहीं चल रहा था वरना जनहानि हो सकती थी। उन्होंने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे के आस-पास की है। इस घटना के बाद जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन को सचेत होकर ट्रकों में निर्धारित क्षमता के आधार पर ही धान की बोरियां भरकर परिवहन किया जाए यह सुनिश्चित करने की जरूरत है।

कटंगी और तिरोड़ी दोनों तहसील क्षेत्र में उपार्जित धान के परिवहन के दौरान ट्रकों में क्षमता से अधिक धान की बोरियां लादी जाती है और इनकी उंचाई भी बहुत अधिक होती है। परिवहन कर्ता उपार्जन और परिवहन टेंडर नीति की अनदेखी कर अपने ट्रकों में निर्धारित क्षमता से अधिक धान लोड कर उसका परिवहन कराया जा रहा है। जिससे सड़क पर हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हर दिन दर्जनों की संख्या में ऐसे ही ट्रक गांव से लेकर शहर की सड़कों पर फर्राटे से दौड़ रहे है। शनिवार को सिवनी रोड़ की तरफ जा रहा ट्रक जिससे एक साथ कई बोरियां भरभराकर नीचे गिरी इस घटना से न केवल ट्रक चालक को परेशानी हुई, बल्कि आसपास से गुजर रहे वाहनों का यातायात भी प्रभावित हुआ। वही ट्रक धान की बोरियों को लादकर पुनः अपने गंतव्य की ओर रवाना हुआ। परिवहन कर्ता उपार्जित धान के परिवहन में नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। जबकि नागरिक आपूर्ति के प्रबंधक संचालक के स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उपार्जित धान के परिवहन में ओवरलोडिंग बिल्कुल भी मान्य नहीं होगी। लोगो का कहना है कि इस तरह की ओवरलोडिंग न केवल सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती है, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित करती है। इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए ट्रक मालिकों और परिवहन कर्ताओं को नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

# किसानों का अर्धनग्न प्रदर्शन, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में भाजपा सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादे पूरे न होने से किसान नाराज हैं। जिले के किसानों ने पिछले पखवाड़े में तीन बड़े आंदोलन कर सरकार के प्रति अपना विरोध तेज कर दिया है। शनिवार को रामपायली में किसानों ने अर्धनग्न प्रदर्शन किया और लगभग आधे घंटे तक वारासिवनी-तुमसर मार्ग पर चक्काजाम किया।

किसान संगठनों का आरोप है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले 'मोदी गारंटी' के नाम पर किसानों से वादा किया था। इसमें धान को रू3100 और गेहूं को रू2700 प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर खरीदने की बात कही गई थी। हालांकि, प्रदेश में सरकार बनने के बाद यह वादा पूरा नहीं किया गया।

कृषक भारतीय संगठन के जिलाध्यक्ष कुंजबिहारी दुबे ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट के रामपायली में भगवान राम बालाजी की धरती पर किसानों से किए गए वादों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि दो साल बीत जाने के बावजूद सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। सरकार जहां अपने दो साल का महोत्सव मना रही है, वहीं किसान 'काला दिवस' मना रहे हैं।

किसान नेता डुलेन्द्र ठाकरे ने कहा कि आज किसान सबसे अधिक परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान सभी दल वादे करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद उन्हें भूल जाते हैं। ठाकरे ने किसानों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने हितों के लिए एकजुट रहने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि अब यदि नेता गांव में आएं तो उन्हें प्रवेश न दिया जाए।

### बालाघाट जिले के किसान करने लगे पराली प्रबंधन

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के किसान अब पराली जलाने के बजाय उसके वैज्ञानिक एवं पर्यावरणअनुकूल प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले के किसान आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से पराली का प्रबंधन कर रहे हैं, जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण हो रहा है बल्कि भूमि की उर्वरता भी बनी रहती है। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम मांझापुर, विकासखंड लालबर्रा के कृषक श्री राजकुमार सोनगड़े (पिता स्व. श्री फेकन साव) ने अपने 6 एकड़ धान की फसल की हार्वेस्टर से कटाईगहाई के पश्चात खेतों में फैली पराली को बेलर मशीन के माध्यम से बेल/गट्ठा बनाकर सफल पराली प्रबंधन किया है। कृषक श्री सोनगड़े ने बताया कि वे आगामी रबी सीजन में गेहूं की फसल की बुआई सुपर सीडर के माध्यम से करेंगे।

### उपभोक्ता के मना करने पर मिली नोटिस

# स्मार्ट मीटर को लेकर विघुत विभाग सख्त

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर उपभोक्ता और बिजली विभाग आमने-सामने आ गए हैं। मोहल्ले में स्मार्ट मीटर लगाने आई टीम को जब एक उपभोक्ता ने अपने घर में स्मार्ट मीटर लगाने से मना किया, तो विघुत विभाग ने उन्हें नोटिस जारी कर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। उपभोक्ता का कहना है कि बिना पूर्व सूचना और बिना अनुमति दिखाए मीटर बदलने की कार्रवाई की जा रही है। विरोध व मना करने पर विभागीय कर्मचारियों ने सरकारी कार्य में बाधा बताकर नोटिस थमा दिया।

नोटिस में उपभोक्ता को सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि विभाग ने मीटर परिवर्तन से पहले न तो किसी प्रकार का लिखित नोटिस दिया और न ही नियामक संस्थाओं (CEA/CSERC) की स्वीकृति प्रदर्शित की। उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि उन्हें सहमति या ऑप्ट-आउट विकल्प उपलब्ध नहीं कराया गया, जबकि विद्युत अधिनियम-2003 के प्रावधान पारदर्शिता सुनिश्चित करने की बात कहते हैं। वहीं उपभोक्ताओं ने मांग की है कि विभाग मीटर परिवर्तन की वैधता पर स्पष्ट स्पष्टीकरण दे,आदेश की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराए और बिना स्वीकृति लगाए गए स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर पुनः स्थापित करे। साथ ही संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की भी मांग की गई है। स्थानीय स्तर पर विवाद बढ़ने के बाद उपभोक्ता इसे विभाग की "दबाव बनाने की कार्रवाई" बता रहे हैं, जबकि विभागीय पक्ष की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी नहीं मिली है।

# तिरोड़ी पंचायत में भ्रष्टाचार- कम दाम की दवाई अधिक कीमत में खरीदी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।






बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत तिरोड़ी में सरपंच, पंच और सचिव की मिलीभगत से कथित तौर पर जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। यहां की महिला सरपंच फौजिया खान और उनके जेठ फिरोज खान और पंचायत सचिव तीनों मिलकर पंचायत को चूना लगाकर स्वयं अवैध तरीके से आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे है। गत दिवस जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में इसकी शिकायत भी हुई है। हालांकि इस शिकायत पर अब तक प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया है। मामला पंचायत के द्वारा कचरा नष्ट करने के लिए क्रय की गई दवाईयों की खरीदी से जुड़ा हुआ है। पंचायत ने कम दाम की दवाई को अधिक दाम में खरीदा है। अगासे कृषि केंद्र नाम की दुकान से यह दवाइयां क्रय की गई है। बिल के शिकायतकर्ता ने पंचायत दर्पण में दर्ज बिल के अनुसार शिकायत दर्ज करवाई है जिसमें बताया गया है कि ग्लायफोसेट नाम की कचरा नष्ट करने की इस यह के 100 ग्राम पैकेट की कीमत 170 सौ रुपए है पंचायत ने 4 किलो दवा खरीदी है जिसका भुगतान 18 हजार रुपए किया गया है। यह भुगतान दवा के वास्तविक मूल्य 6 हजार 800 रुपए है। इसी बिल में एक और दवा टैग क्विट भी दर्ज है जिसका खरीदी के हिसाब से अधिक का बिल बनता है किंतु कम का भुगतान दर्शाया गया है। एक तरह से यह बिल फर्जी प्रतीत होता है। क्योंकि दुकानदार इस तरह की गलती करें यह संभव नहीं है। अगर, शिकायत के आधार पर अधिकारी इस बिल की जांच करते है दुकानदार से लेकर सरपंच और सचिव से पूछताछ होती है तो सब कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

ग्रामीणों की माने तो तिरोड़ी में कहीं भी कचरा नष्ट करने वाली दवा का उपयोग कर कचरे का समाप्त नहीं किया गया। पंचायत ने किस स्थान दवा का प्रयोग किया होगा ऐसा कई ग्रामीणों से पूछा गया परंतु कोई भी जानकारी नहीं मिल पाई। बता दें कि ग्राम पंचायत तिरोड़ी में महिला सरपंच है किंतु पंचायत के तमाम कामकाज उनके जेठ फिरोज खान देखते है। कहां जा सकता है कि महिला सरपंच यहां केवल कठपुतली की तरह काम करती है। इस बात की जानकारी जनपद पंचायत के अधिकारियों को भी है लेकिन वह जानकर भी कोई कार्रवाई नहीं कर पाते। ग्रामीणों का तो यहां तक कहना है कि पंचायत के भीतर क्या चल रहा है इसकी जानकारी सरपंच को भी नहीं है उनके जेठ ही सब कामकाज देखते है। दवाइयों की खरीदी के बाद बिल की राशि अदा करने में सरपंच के हस्ताक्षर भले ही हो लेकिन सरपंच को तो शायद यह भी नहीं पता होगा कि यह दवाई किस काम की आती है और कब खरीदी गई है क्योंकि बिल में तो कोई तिथि भी दर्ज नहीं है।

### शासकीय प्राथमिक शाला चितालखोली के शिक्षक पर निलंबन की कार्यवाही

**बालाघाट।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बिरसा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला चितालखोली में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्री राजकुमार सोनवाने के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी, विकासखंड बैहर निर्धारित किया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिरसा विकासखंड के अंतर्गत कचनारी संकुल की शासकीय प्राथमिक शाला चितालखोली में पदस्थ शिक्षक श्री राजकुमार सोनवाने के बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने संबंधी समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचनारी के प्राचार्य को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। जांच अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित होकर की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित शिक्षक प्रायः बिना किसी पूर्व सूचना के शाला से अनुपस्थित रहते हैं। जांच में यह भी पाया गया कि माह जुलाई 2025 में वे पूरे माह अनुपस्थित रहे तथा माह सितंबर 2025 में मात्र तीन दिन ही शाला में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त शिक्षक द्वारा शालेय पंजियों का संधारण भी नियमानुसार नहीं किया जा रहा था। शाला में दाखिल-खारिज पंजी, उपस्थिति पंजी, परीक्षाफल पंजी, टीसी वितरण पंजी तथा मध्यान्ह भोजन वितरण पंजी संधारित नहीं पाए गए।

# जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा संपन्न



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कक्षा 5वीं के 528 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें 499 छात्र उपस्थित रहे और 29 अनुपस्थित रहे। परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को प्रतिष्ठित नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाना है, जहां वे निःशुल्क अध्ययन- अध्यापन कर सकेंगे। परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में किया गया, जिसमें किसी प्रकार की कोई नकल प्रकरण जैसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। उक्त परीक्षा का आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रवेश के प्रतिष्ठित नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेशित कर कक्षा 12वीं तक सर्वसुविधायुक्त वातावरण में निःशुल्क अध्ययन-अध्यापन करवाना है। आज संपन्न हुई परीक्षा में प्रवेश हेतु अर्ह पाए जाने वाले छात्र वारासिवनी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में सत्र 2026 से प्रवेश ले सकेंगे। परीक्षा संचालन हेतु केन्द्राध्यक्ष विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डी०के० फुल्लारे को नियुक्त किया गया था। परीक्षा कार्य हेतु 2 शिक्षक परीक्षा लिपिक के रूप में रविता टाण्डेकर एवं महेश ढोक, परीक्षा कार्य हेतु कुल 24 पर्यवेक्षक जिनमें जी०आर० चिखले, पवन चौधरी, आर.जी. नगपुरे, बी.एस सोनवाने, आर. के. नागदेवे, अंजु करहि, भूमेश्वरी बघेल, नंदकिशोर मेश्राम, मुरलीधर मेश्राम, मनोज नेवारे, पदमा धारने, निशा सोलंकी, निशा पटले, रीता घोंगडे व अन्य शिक्षकों ने अपना विशेष सहयोग दिया। इसी प्रकार आज विद्यालय में समस्त भृत्यों ने भी अपना विशेष सहयोग दिया। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

# ग्राम जानवा में जन अभियान परिषद ने किया बोरीबंधान

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** विकासखंड किरनापुर के सेक्टर क्रमांक 4 रजेगाव के ग्राम जानवा में किया गया बोरी बंधान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद किरनापुर सेक्टर क्रमांक 4 अंतर्गत जनावा में जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन सर एवम विकासखंड समन्वयक श्रीमती रुचिका बेस मैडम के संयुक्त मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था के सहयोग द्वारा लगभग 50 बोरी का बोरी बंधान कार्य किया गया मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश में जल संरक्षण व जल संवर्धन को लेकर 15 नवंबर से लेकर 30 सितंबर 2025 तक जल संचय बोरी बंधान कार्य चलाया जा रहा है इस अवसर पर गांव गांव में स्थित जल स्त्रोतों का जीवनौधर,साफ सफाई, गहरीकरण ,बोरी बंधान का कार्य चलाया जा रहा है जल समाज के जरूरुत का प्रमुख अंग है और इसका संचय ही हम भविष्य की आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम हो सकते हैं यह कार्य पूर्णता सामूहिक सहयोग पर निर्भर करती है सहयोग से ही इस कार्य को सफल बनाया जा सकता है आज के इस कार्य में जन अभियान परिषद द्वारा गठित प्रस्फुटन समिति मेंटर्स नवांकुर संस्था तथा cmcldp के छात्राओं का एवम ग्रामीण जनों का भरपूर सहयोग मिला है। आज बोरी बंधान कार्यक्रम में नवांकुर प्रभारी श्रीमती सविता बोपचे ब्लॉक समन्वयक श्रीमती रुचिका बेस मैडम, मेंटर्स जितेंद्र कुमार मातरे, निकास येडे ,राजकुमार टांडेकर, ग्राम पंचायत जानवा की सरपंच महोदय सीमा सुलाके एवं cmcldp के छात्राएं तृप्ति सहारे विशाखा क्षीरसागर, संतोषी आवरे, दिनेश्वरी कावरे,रोशनी न्यायकर, प्रतिमा बाहे,प्राची कोडपे, कैलाश डूमने,निधि एयरपुडे,ललिता नगपुरे,आदर्श श्रीवास ,गगन, रीना खरे ,गुनीता बंबूरे,सभी छात्राओं का एवम ग्रामीण जनो का बोरी बंधान कार्य में भरपूर सहयोग रहा।



# मिरगपुर में किसान गर्जना संगठन ने किया एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन, सात सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मिरगपुर में शनिवार 13 दिसंबर को किसान गर्जना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी एंव जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे के नेतृत्व में संगठन व किसानो के द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया और सात सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारीयो एंव कृषको के द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कृषक की समस्याओ से अवगत कराया। और धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए करने की मांग की गई।

## यह है प्रमुख मांगे

ज्ञापन के माध्यम से यह प्रमुख मांगें बतायी गई ।किसानो को रबी फसल के लिए राजीव सागर बांध से निरंतर पानी की व्यवस्था की जाए। किसानो को नहर में सिंचाई के लिए नियमित मोटर कनेक्शन प्रदान किया जावे। क्षेत्र में लगातार बारिश एंव किट व्याधि के प्रकोप से बर्बाद हुई धान की फसल को देखते हुए खैरलांजी कटंगी क्षेत्र को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर हल्को के किसानो को फसल मुआवजा एंव प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ दिया जावे। निर्धारित धान खरीदी केंद्रो में किसानो की धान की फसल अस्वीकार न किया जाए चूंकि बारिश से कृषको की धान की फसल प्रभावित हो चूंकि। सरकार अपने चुनावी वादे के मुताबिक धान समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल खरीदे ।किसानो की दशा सुधार हेतू किसानो को 20 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस दिया जाए। खरीफ सत्र 2025-26 की फसल बर्बादी को ध्यान में रखते हुए खरीफ ऋण माफ किया जाए ।यह मांगे ज्ञापन के माध्यम से किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारीयो के द्वारा बताया गया ।

इस दौरान किसान गर्जना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी, जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक लिल्हारे, धुरन नागपुरे, भारत सिंह शिवहरे, जयेश देशमुख, राजेंद्र नागपुरे, अजाब सिंह कृपगऐ, भरत लाल बिसेन एंव संगठन के अन्य पदाधिकारी सहित कृषक मौजूद रहे।

### सी.ई.ओ अभिषेक सराफ के आदेशों को ठेंगा दिखा रहा जिला स्तरीय जांच दल

# सात दिवस बीत गए, नहीं हुई ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के भ्रष्टाचार की जांच

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री में व्याप्त भ्रष्टाचार और पंचों के द्वारा की गई शिकायत और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर हरिभूमि समाचार पत्र निरंतर खबरों का प्रकाशन कर रहा है दैनिक राष्ट्रीय हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा गंभीर मामले पर 3 दिसंबर 2025 को रोजगार सहायक संतोष जुगनाके को बर्खास्त करने की उठ रही मांग शीर्षक से समाचार का प्रकाशन किया गया था उक्त भ्रष्टाचार के गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट अभिषेक सराफ ने भ्रष्टाचार की जांच के लिए जिला स्तरीय दल नियुक्त किया था जांच दल के सदस्य मनोज धुर्वे कार्यपालन यांत्रि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 2 बालाघाट श्री आर.के राय सहायक लेखा अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट खिलेंद्र सोनवंशी खंड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा।

श्री नरेंद्र बोम्प्रे उपयंत्री सर्व शिक्षा अभियान जिला शिक्षा केंद्र बालाघाट नियुक्त किए गए थे सीईओ ने अपने 4.12.2025 के आदेश में जांच दल को यह निर्देशित किया था कि उल्लिखित बिंदुओं तथ्यों की तथ्यात्मक जांच की जाकर जांच प्रतिवेदन साथ दिवस के भीतर अपने स्पष्ट अभिमत सहित जिला पंचायत बालाघाट को अनिवार्यत प्रेषित करना सुनिश्चित करें पर दुर्भाग्य की बात तो यह की की जांच दल द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट अभिषेक सराफ के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए सात दिवस बीतने के बाद भी भ्रष्टाचार के गंभीर मामले की जांच तक नहीं की गई जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कहीं छोटे स्तर के कर्मचारी भी भ्रष्टाचार को शय देने का कार्य कर रहे हैं इसलिए तो वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ आपको यह सोचना होगा कि जिन अधिकारियों को सात दिवस के भीतर जांच का जिम्मा सोपा गया था वह आपके आदेश को तवज्जो नहीं दे रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक जांच दल द्वारा ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री की जांच नहीं की गई थी देखना होगा कि यह जांच कब और कितनी निष्पक्ष होती जो आने वाले दिनों में देखना दिलचस्प।


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Satpura Bhoomi - 03 Dec 2025 - Page 6
...कास के नाम पर लाखों का हेरफेर, भ्रष्टाचारियों पर कब होगी कार्यवा...
...गार सहायक संतोष जुगनाके को बर्खास्त करने उठ रही मा...
...म पंचायत भाण्डामुर्री के पंचों ने कलेक्टर से की निष्पक्ष जांच की...
हरिभूमि
नहीं मिले दस्तावेज, भारी भ्रष्टाचार की आशंका

### रोजगार सहायक संतोष जुगनाके पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा

ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के पंचो के द्वारा प्रस्तुत शिकायत एवं सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत क्रमांक 33685811,, 34 2963 35,, 3441 4957,, 35 56 2180 3488 6104,, 35 10 29 20 की शिकायत पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा द्वारा शिकायत की जांच कर अपना अभिमत दिया है और लेख किया है की ग्राम रोजगार सहायक संतोष जुगनाके द्वारा शासकीय दायित्व के निर्वहन में हमेशा लापरवाही ऑनलाइन कार्यों में नगण्य प्रगति वरिष्ठ अधिकारियों के फोन रिसीव नहीं करना एवं जनपद स्तरीय समीक्षा बैठकों में भी उपस्थित नहीं होना पाया जाता है। संतोष जुगनाके ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री द्वारा शासकीय कार्यों में की जा रही लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश एवं निर्देशों की अवहेलना किए जाने के कारण उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने हेतु प्रस्तावित किया जाता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा द्वारा यह पत्र दिनांक 4.12.2025 को जिला पंचायत बालाघाट को भेजा गया है।